Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 348 ▫ रायपुर, सोमवार 12 जनवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## जनजातीय विकास को सांसद संकुल विकास परियोजना से मिलेगी गति : साय



**रायपुर,** 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित सांसद संकुल विकास परियोजना की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय विकास को सांसद संकुल विकास परियोजना से गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने महत्वपूर्ण पहल की जा रही है, इससे जनजातीय क्षेत्रों से पलायन पर रोक लगेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने लगातार प्रयास किया जा रहा है। सांसद संकुल विकास परियोजना के तहत गांवों के क्लस्टर बना कर विकास का मॉडल विकसित किया जा रहा है, जिसका सीधा लाभ लोगों को मिल रहा है। स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग द्वारा लोगों का कौशल विकास कर उन्हें स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना ही योजना का उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा कहा जाता है। हमारे यहां धान की कई किस्में हैं जिनके निर्यात की बड़ी संभावना है। कृषि के साथ ही मत्स्य पालन, बकरी पालन, गौ पालन, शूकर पालन से ग्रामीणों को जोड़ कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। हमारे जनजातीय लोग महुआ, इमली, चिरौंजी आदि वनोपज का पुश्तैनी रूप से उत्पादन करते आ रहे हैं, इनका वैल्यू एडिशन कर मार्केट से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य की नई उद्योग नीति में भी अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। सांसद संकुल विकास परियोजना से जुड़े जनप्रतिनिधि और विकास सहयोगी सुनिश्चित करें कि जनजातीय क्षेत्रों में नई उद्योग नीति के लाभ भी मिलें। सांसद संकुल विकास परियोजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की जाएगी।

बैठक में श्री वी सतीश ने सांसद संकुल विकास परियोजना की परिकल्पना और लक्ष्य से जुड़े बिंदुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को स्वरोजगार से जोड़कर पलायन रोकने की दिशा में योजना के तहत महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे जनजातीय बहुल राज्यों में आमजन, एनजीओ, जनप्रतिनिधि और सरकार के समन्वित प्रयास से समग्र विकास किया जा रहा है। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि विभिन्न विभागों से जुड़े शासकीय अधिकारी भी संकुल से जुड़े गांवों के विकास में अपनी भूमिका का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें।

स्थानीय जरूरतों की बेहतर समझ से कौशल विकास कर लोगों को स्थाई रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं। बैठक में रायगढ़ के लैलूंगा संकुल, सरगुजा के परशुरामपुर संकुल, बस्तर के बकावंड संकुल, बलरामपुर के माता राजमोहिनी देवी संकुल और केशकाल के धनोरा संकुल में योजना के तहत किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सांसद श्री भोजराज नाग, श्री चिंतामणि महाराज, श्री राधेश्याम राठिया, श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, श्रीमती गोमती साय, श्री प्रसाद इंडेप, श्री कपिल सहस्त्रबुद्धे सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित थे।

## मैनपुर के बाद सूरजपुर रेस्ट हाउस में अश्लील डांस का वीडियो वायरल ?



**मैनपुर एसडीएम हटाए गए**

**आयोजन समिति के 14 लोग गिरफ्तार**

**सूरजपुर/गरियाबंद**, 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। गरियाबंद के बाद सूरजपुर जिले में भी अश्लील डांस वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि वन विभाग के रेस्ट हाउस में अश्लील डांस कराया गया है। अश्लील डांस वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। यह वीडियो कुमेली वन विभाग का बताया जा रहा है जो कि कुछ दिन पुराना है। बता दें कि इसके पहले छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र में ओपेरा की आड़ में अश्लील नृत्य आयोजित किए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में आयोजन समिति के 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में मैनपुर एसडीएम को हटा दिया गया है। वहीं, मैनपुर एसडीएम तुलसी दास मरकाम के खिलाफ भी आज से जांच प्रक्रिया शुरू की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थलों पर अश्लील गतिविधियों और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। मामले की जांच जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में देवेंद्र राजपूत (31), गोविंद देवांगन (21), नरेंद्र साहू (38), हसन खान (53), हरदयाल नागेश (50), मुकेश अग्रवाल (40), लाल कृष्ण कश्यप (27), राजेश कश्यप (36), सचिन कश्यप (24), लीलाधर साहू (50), ललित कौशिक (38), विकास यादव (32), जम्बूधर (40) और उमेश यादव (25) शामिल हैं। सभी आरोपियों को देवभोग एसडीएम कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक मर्यादाओं का उल्लंघन हुआ, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति बनी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय स्तर पर भी कार्रवाई की गई है। अब तक लापरवाही के आरोप में तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जा चुका है।

## ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग की कार्रवाई, ड्राइवरों में हड़कंप



**दुर्ग-भिलाई,** 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले में ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने रविवार को संयुक्त रूप से स्कूल बसों की जांच की। जांच सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार पुलिस ग्राउंड, सेक्टर-06 भिलाई में लगाई गई, जिसमें जिले के 21 शैक्षणिक संस्थानों की कुल 230 स्कूल बसों की निगरानी की गई। जांच के दौरान 65 स्कूल बसों में अलग-अलग प्रकार की खामियां पाई गईं। इन खामियों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों पर चालान किया गया और कुल 50,900 समन शुल्क वसूला गया। पुलिस का कहना है कि स्कूलों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी खामियों को दूर करने के बाद ही बसों का संचालन किया जाए। इसके साथ ही ड्राइवर और कंडक्टरों के भी स्वास्थ्य की जांच की गई। खासकर आंखों की जांच में 26 ड्राइवरों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, जिन्हें चश्मा लगाने या चश्मे का नंबर बढ़वाने की सलाह दी गई। स्कूली बसों की जांच में सबसे पहले बसों का पंजीकरण किया गया। इसके बाद परिवहन विभाग की ओर से दस्तावेजों की गहन जांच की गई। इसमें वाहन का रजिस्ट्रेशन, परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी, रोड टैक्स और चालक का लाइसेंस चेक किया गया। दस्तावेजों के बाद बसों की मैकेनिकल फिटनेस की जांच हुई। जिसमें हेडलाइट, ब्रेक लाइट, पार्किंग लाइट, इंडिकेटर, बैक लाइट, मीटर, स्टीयरिंग, टायर, क्लच, एक्सीलेटर, सीट, हॉर्न, वाइपर और आगे-पीछे रिफ्लेक्टर की स्थिति परखी गई। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट की ओर से निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप बसों में जीपीएस, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गवर्नर, प्रेशर हॉर्न, आपातकालीन खिड़की, स्कूल का नाम, टेलीफोन नंबर, चालक का मोबाइल नंबर, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और आगे-पीछे स्कूल बस लिखा होना अनिवार्य रूप से जांचा गया।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आतंकवाद पूरी मानवता के लिए खतरा : मोदी



**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ की उपस्थिति में भारत और जर्मनी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद पूरी मानवता के लिए एक गंभीर खतरा है। भारत और जर्मनी इसके विरुद्ध एकजुट होकर पूरी दृढ़ता से लड़ाई जारी रखेंगे। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए G4 के माध्यम से हमारा संयुक्त प्रयास इसी सोच का प्रमाण है। आज हमने यूक्रेन और गाज़ा सहित कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है और इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

### ट्रम्प का ऐलान : अब मैं हूं वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति



**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रूथ सोशल' पर अपनी एक तस्वीर साझा की और खुद को 'वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति' बताया। 'ट्रूथ सोशल' पर रविवार को साझा की गई तस्वीर ट्रंप की आधिकारिक 'फोटो' है और उसमें उनका पद 'वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति' और 'जनवरी 2026 से वर्तमान राष्ट्रपति' लिखा गया है। इस तस्वीर में ट्रंप को अमेरिका का 45वां और 47वां राष्ट्रपति बताया गया है, जिन्होंने 20 जनवरी 2025 को पदभार ग्रहण किया था। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका ने वेनेजुएला पर एक बड़ा हमला किया था और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को न्यूयॉर्क ले जाया गया, जहां उन पर नशीले पदार्थों की तस्करी की साजिश के आरोप में मुकदमा चलाया जा रहा है।

## इसरो को लगा तगड़ा झटका: पीएसएलवी सी-62 मिशन फेल ऑर्बिट से पहले ही अंतरिक्ष में गायब हो गया अन्वेषा



**नई दिल्ली,** 12 जनवरी (न्यूज चैनल)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को 2026 के अपने पहले ऑर्बिटल मिशन में तकनीकी असफलता का सामना करना पड़ा है। इस मिशन के तहत पीएसएलवी सी-62 रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था, लेकिन रॉकेट से जुड़ा मुख्य सैटेलाइट तय कक्षा में स्थापित नहीं हो सका। यह लॉन्च आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर के पहले लॉन्च पैड से किया गया था। उड़ान के शुरुआती चरणों में रॉकेट की कार्यप्रणाली सामान्य रही, लेकिन ऑर्बिट में सैटेलाइट की तैनाती से पहले मिशन में गड़बड़ी सामने आई। इस मिशन का मुख्य पेलोड ईओएस-एन1, जिसे 'अन्वेषा' नाम दिया गया था, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित किया गया एक हाइपरस्पेक्ट्रल सैटेलाइट था। इसे उन्नत पृथ्वी अवलोकन (एडवांस्ड अर्थ ऑब्जर्वेशन) से जुड़े विभिन्न उपयोगों के लिए तैयार किया गया था। अन्वेषा सैटेलाइट का उद्देश्य पृथ्वी की सतह से जुड़े सूक्ष्म डेटा को उच्च गुणवत्ता के साथ एकत्र करना था, जिससे रक्षा और निगरानी से जुड़े अनुप्रयोगों में मदद मिल सकती थी।

## ट्रक ने बाईक को लिया चपेट में, युवक की मौत, 2 महिलाएं गंभीर





**धमतरी,** 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। रविवार सुबह अपने रिश्तेदारों को छोड़ने परखंदा जा रहे बाइक सवार को चरमुड़िया मोड़ के पास मेघा रोड में ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया।जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बाईक सवार महिला और युवती गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें धमतरी रिफर किया गया है। बच्ची को सुरक्षित बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 11 जनवरी की सुबह भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बी निवासी जितेंद्र चक्रधारी पिता संतोष चक्रधारी अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05एजी 6683 से अपने रिश्तेदार शकुन चक्रधारी 46 वर्ष परखंदा एवं गौरी चक्रधारी बारना 25 साल छोड़ने जा रहा तभी करीब साढ़े 11 बजे चरमुड़िया मोड़ के पास मेघा रोड में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04एम आई 8121से भिड़ंत हो गई।घटना में बाइक चालक जितेंद्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। शकुन और गौरी चक्रधारी को गंभीर चोंट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को धमतरी रिफर किया गया । बच्ची सुरक्षित है।सूचना पर कुरूद पुलिस घटनास्थल पहुंची।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया कुरुद नगर पालिका का विधिवत शुभारंभ



- 17 करोड़ 50 लाख क़े विकास कार्यों का भी किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- स्वामी विवेकानंद मंगल भवन का लोकार्पण व प्रतिमा का किया अनावरण

**धमतरी,** 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने नगर पालिका परिषद, कुरूद का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर के समग्र विकास को गति देने हेतु 17 करोड़ 50 लाख रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित विभिन्न नगर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। साथ ही स्वामी विवेकानंद मंगल भवन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया । इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक कुरूद श्री अजय चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती ज्योति भानु चंद्राकर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग नेहरू निषाद, प्रकाश बैस सहित नगर पालिका परिषद के पार्षद, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## कुम्हारी में अर्धनग्न मिला युवक का शव



**दुर्ग-भिलाई,** 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में हत्या या किसी अन्य आपराधिक घटना से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत सामान्य हार्ट अटैक से हुई होने की आशंका है। हालांकि, स्थिति पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

पुलिस के अनुसार, जियो पेट्रोल पंप के पीछे युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। मौके पर उसकी उम्र करीब 27 से 30 वर्ष के बीच आंकी गई। युवक की शर्ट खुली हुई थी और बेल्ट भी खुली मिली। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए, जिससे पुलिस को हादसे या मारपीट की आशंका नहीं है। कुम्हारी थाना प्रभारी ने बताया कि किसी संदिग्ध तथ्य का पता नहीं चला है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में युवक की पहचान को लेकर पूछताछ की जा रही है। युवक यहां तक कैसे पहुंचा और कहां से आया था, इस पर भी जांच की जा रही है।

सीएसपी छावनी प्रशांत पैकरा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला हार्ट अटैक से मौत का प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि संभवत: युवक वॉशरूम के लिए गया होगा, वहां अटैक आने पर उसने जूते उतारे और गर्मी के कारण शर्ट के बटन खोले होंगे। वहीं लेटने के बाद उसकी मौत हो गई और शव उसी अवस्था में बरामद हुआ। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल, किसी आपराधिक घटना के संकेत नहीं मिले हैं।

## इंसानियत शर्मसार : मासूमियत का कत्ल, 12 साल की मां, 16 महीने का बच्चा और दो दरिंदे



**बिलासपुर,** 12 जनवरी (हाईवे चैनल)। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक ऐसी खबर बिलासपुर से सामने आई है, जिसे सुनकर किसी की भी रूह कांप जाए। एक 12 साल की मासूम बच्ची, जिसकी उम्र अभी खिलौनों से खेलने की थी, उसे दरिंदों ने हवस का शिकार बनाकर 16 महीने के बच्चे की मां बना दिया। दो साल तक अपहरण और लगातार दुष्कर्म की इस खौफनाक दास्तां का अंत तब हुआ जब बिलासपुर पुलिस ने महाराष्ट्र से आरोपियों को दबोचा। लेकिन सवाल आज भी वही है ङ्क पुलिस ने तो अपना काम कर दिया, पर क्या हमारा समाज इस मासूम और उसके बच्चे को अपना पाएगा?

बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की यह कहानी किसी डरावने सपने जैसी है। दो आरोपी—संजू मनहर और कृष्णा मनहर—ने एक 12 साल की मासूम को उसके घर से तब अगवा किया जब वह अकेली थी। इसके बाद शुरू हुआ प्रताड़ना का वो दौर जो दो सालों तक चला। दरिंदे उसे महाराष्ट्र, कश्मीर, ऊटी और गोवा जैसे शहरों में घुमाते रहे और लगातार उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। नतीजा यह हुआ कि महज 12 साल की उम्र में वह बच्ची एक बिन ब्याही मां बन गई। जहां एक तरफ लाचार पिता अपनी बेटी की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहा था, वहीं दूसरी तरफ ये आरोपी उस मासूम का बचपन कुचल रहे थे। अंत में जब बच्ची और उसका 16 महीने का बच्चा आरोपियों के लिए बोझ बन गए, तो उन्होंने उसे महाराष्ट्र की सड़कों पर बेसहारा छोड़ दिया। बिलासपुर पुलिस ने जब तकनीक का सहारा लिया और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की, तो टीम सीधे महाराष्ट्र पहुंची। वहां से संजू और कृष्णा मनहर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। इस सराहनीय कार्य के लिए विवेचक विष्णु साहू को एसएसपी रजनेश सिंह ने पुरस्कृत भी किया है। लेकिन कहानी आरोपियों की गिरफ्तारी पर खत्म नहीं होती। जब वह मासूम अपनी गोद में 16 महीने का बच्चा लिए बिलासपुर लौटी, तो उसके माता-पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। आज पुलिस कह रही है कि उन्होंने अपना फर्ज निभा दिया, लेकिन अब बारी समाज की है। क्या यह समाज उस मासूम मां को सम्मान दे पाएगा? क्या उन दरिंदों को ऐसी सजा मिलेगी जो दोबारा किसी मासूम का बचपन छीनने की हिम्मत न कर सके? यह घटना चीख-चीख कर कह रही है कि अमानवीय कृत्य करने वालों के लिए समाज में कोई जगह नहीं होनी चाहिए।




चूहा- सुनती हो, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोल रहे हैं कि अब मैं वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति हूं।

चुहिया- हां जी, ट्रंप के ऊपर उम्र का असर हावी है..!